कृषि-उद्यमी कृषक रत्न पुरस्कार-2021

चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर, 2021 को केंद्रीय पशुपालन व मत्स्य मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने हरियाणा को जोखिम प्रबंधन और ब्रांड विकास (हर हित स्टोर्स) में सर्वश्रेष्ठ पहल के लिये 'कृषि-उद्यमी कृषक रत्न पुरस्कार-2021' से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्री रूपाला ने यह पुरस्कार हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे. पी. दलाल को डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री नौनी-सोलन, हिमाचल प्रदेश में आयोजित प्रोग्रेसिव एग्री लीडरशिप समिट-2021 के दौरान प्रदान किया।
- हिमाचल प्रदेश ने मृदा स्वास्थ्य और कृषि विपणन और प्रथाओं में सर्वश्रेष्ठ पहल के लिये पुरस्कार जीता, केसर संवर्धन और उत्पादन के लिये जम्मू और कश्मीर को सम्मानित किया गया, जबकि पंजाब को फसल अवशेष प्रबंधन के लिये सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश ने पशु स्वास्थ्य में सर्वश्रेष्ठ पहल का पुरस्कार जीता, जबकि उत्तराखंड को जैविक खेती के लिये पुरस्कार दिया गया।
- इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों के तहत सम्मेलन में कुल 42 पुरस्कार वितरित किये गए जिसमें राज्य, शैक्षिक संगठन, कॉर्पोरेट कृषि और संबद्ध क्षेत्र, प्रगतिशील किसान, गांव, किसान उत्पादक संगठन, कृषि पत्रकारिता पुरस्कार (जागरूकता और समाधान-उन्मुख), सरकारी संगठन, पीएसयू, एकेडमी में उत्कृष्टता और कृषि भविष्य रत्न पुरस्कार शामिल रहे।
- उल्लेखनीय है कि डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, नौनी-सोलन और सिक्किम स्टेट को-ऑपरेटिव सप्लाई एंड मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (आईएमएफईडी) के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रोग्रेसिव एग्री लीडरशिप समिट-2021 का आयोजन किया गया।
- इस समिट का उद्देश्य कृषि के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये रणनीतियाँ, किसान की आय को दोगुना करना, विचारों का एकत्रीकरण और बहुमूल्य अनुभवों को साझा करना था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agri-entrepreneur-krishak-ratna-award-2021